an>

Title: Need to issue advertisements for employment in regional languages.

श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मुम्बई के वर्ली क्षेत्र में पोहार आयुर्वेदिक अस्पताल है। उस अस्पताल में दो-तीन दिन पहले एक नौकर की भर्ती के लिए अखबारों में इश्तिहार आया। जब इस संबंध में जानकारी ली गयी तो एक रीजनल इम्प्लॉयमेंट ऐक्ट है, उस कानून के तहत यदि सरकारी क्षेत्रों में नौकर की भर्ती करनी है, तो उसे रीजनल इम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज ऐक्ट के तहत एक्सचेंज को इन्फार्म करना है, लेकिन वे इन्फार्म नहीं करते हैं। उसके बाद यदि इश्तिहार देते हैं, तो सिर्फ अंग्रेजी और हिन्दी के अखबारों में इश्तिहार दिया जाता है। इससे वहाँ के जो संस ऑफ सॉइल हैं, भूमिपुत्र हैं, मराठी हैं, वे अवसर से वंचित रहते हैं।

इसलिए मैं आपके माध्यम से प्रार्थना करता हूँ कि माननीय मंत्री महोदय इस पर ध्यान दें। इस संबंध में जो कानून है, उसके तहत उसका अमल किया जाए और इश्तिहार मराठी अखबारों में भी दिया जाए ताकि वहाँ के स्थानीय लोगों को, भूमिपुत्रों को मौका मिल सके।